पंजाब केसरी 21-02-2025

बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंकित सैनी प्रथम

बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेते स्टाफ सदस्य। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 20 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा ऑडिटोरियम हॉल में पुरुष स्टाफ सदस्यों (नॉन-टीचिंग) के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सभी पुरुष स्टाफ सदस्यों ने इस खेल गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर अंकित सैनी, द्वितीय विक्रम सिंह सैनी, तृतीय तरणवीर सिंह और चतुर्थ स्थान पर संजीव कश्यप रहे।

शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। खेल के समापन पर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी विजेता खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।